आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक: 29.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरा होने पर आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती के प्रयासों की सराहना की।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेशभर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन हुआ।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का आग्रह किया।

.......................

रोजगार में बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नये सेक्टर के उभरने के साथ–साथ रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। श्री मोदी ने क्रियेट इन इंडिया थीम की 25 चुनौतियों के बारे में बताया। इस वर्ष दो अक्तूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से कंचन' का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिडयूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की।

.....................

पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो प्रेरणादायी हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकार्ड बनाया है।

.........................

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कैच द रेन अभियान की भी बात कही। श्री मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी, जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है, और यही 'कैच द रेन' जैसे अभियानों की भावना है। विकास भी–विरासत भी, इस मंत्र पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने अपने हाल के अमरीका दौरे में अमरीका द्वारा करीब तीन सौ प्राचीन कलाकृतियां लौटाये जाने का उल्लेख किया। मातृभाषा के महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में बीस हजार भाषायें और बोलियां हैं। उन्होंने इन भाषाओं, विशेषकर संथाली भाषा को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की। मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कडी उनके लिए विशेष रूप से भावुक कर देने वाली है क्योंकि इसके साथ ही इस कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती से जुडे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही ये कार्यक्रम इस महत्वपूर्ण पडाव तक पहुंच सका है। आने वाले त्यौहारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्र से शुरू होकर अगले दो महीनों तक देश में पूजा–अर्चना, व्रत–उपवास और उत्सव–उल्लास का माहौल रहेगा। प्रधानमंत्री ने आने वाले त्यौहारों के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर स्थित अपने आवास पर जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। जैसलमेर जिले में भी कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यकम को सुना।

000

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की वित्तीय स्थिति दुनिया के सभी देशों की तुलना में सबसे मजबूत है। आज नई दिल्ली में संकल्प न्यास प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के 10वें संस्करण के सत्र को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि अन्य देशों के तुलना में भारत में उच्च वृद्धि और मुद्रास्फीति की निम्न दर है। श्री वैष्णव ने आर्थिक विकास के चार स्तंभों का भी उल्लेख किया। ये चार स्तंभ है– बुनियादी ढांचे में निवेश, समावेशी विकास, विनिर्माण और कानूनों का सरलीकरण। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की सबसे उन्नत भुगतान प्रणाली है।

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी कैडर के सेवा नियमों में बदलाव सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। कैबिनेट बैठक में लिये

गये फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती नियमों में शैक्षणिक योग्यता में बदलाव करने के बाद 10वीं पास अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती अगले दो वर्षों में लिखित परीक्षा के माध्यम से की जाएगी। ये भर्ती परीक्षा राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित होगी। श्री पटेल ने बताया कि ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए अभी तक 10 हजार 418 हैक्टयर भूमि विभिन्न कम्पनियों को दी गई है। बैठक में राजस्थान प्रेस प्रतिनिधि अधिस्वीकरण नियमों में भी संशोधन किया गया।

000

सिरोही जिले के आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्था में स्वस्थ और सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर केन्द्रित पांच दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में 15 से अधिक सत्र आयोजित किये गये। इन सत्रों में देशभर से करीब 60 से अधिक मीडियाकर्मी, शिक्षाविद और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा गलत सूचना और फर्जी खबरों पर आयोजित एक सत्र में मशहूर शिक्षाविद मानसिंह परमार ने कहा कि गलत सूचनाएं और फर्जी खबरें देश और समाज के लिए बडी चुनौती बन चुकी हैं।
इस पर हर व्यक्ति को जिम्मेदारीपूर्वक एक भारतीय नागरिक की भूमिका निभानी चाहिये। संस्था के जनसम्पर्क अधिकारी कोमल यादव ने बताया कि सम्मेलन में आये विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

.....................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेशभर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जयपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। जैसलमेर में बस स्टेण्ड पर नगर पालिका की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह पाली में भी बांगड़ अस्पताल में लोगों ने साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। भीलवाड़ा में स्वच्छता पखवाडे के तहत आज विभिन्न सरकारी कार्यालयों में साफ सफाई की गई। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नीमका थाना जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिसकर्मियों ने साफ–सफाई की। वहीं जिले के विभिन्न थानों में भी स्वच्छता गतिविधि संचालित की गई। डूंगरपुर जिले में पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के निर्देशन में पुलिस कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और कई स्थानों पर पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भरतपुर कलेक्ट्रेट परिसर में आज सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी और कर्मचारियों ने प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर नष्ट किया। इस मौके पर शहर में निकाली गई मोटरसाईकिल रैली में भी स्वच्छता का संदेश दिया गया।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर मॉनसूनी बारिश थमने के साथ ही दिन के तापमान में बढोतरी का दौर जारी है। फिलहाल दक्षिणी पूर्वी जिलों में मानसून की हल्की रंगत बनी हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार कल कोटा, उदयपुर, अजमेर, जोधपुर और भरतपुर संभागों में कहीं—कहीं बादल गरजने के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। 2 अक्टूबर से राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा केवल उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं—कहीं बारिश होने की संभावना है।

000